Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 11-05-2005
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

>

Title: Regarding need to improve the working of landline and mobile telephone services network in Junagarh district, Gujarat.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : महोदय, गुजरात राज्य के जूनागढ़ जिले में दस तालुका क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र के निवासियों ने लम्बे समय से सरकार की नीति के अनुसार लैंडलाइन टेलीफोन सुविधा पाने के लिए विभाग द्वारा तय की गयी धनराशि जमा करवा रखी है। विभाग की ओर से जवाब मिलता है कि केबल की क्षमता पूरी हो गयी है। लैंडलाइन और डब्ल्यू.एल.एल टेलीफोन की मशीनरी और जरूरी उपकरण नहीं होने की वजह से इन उपभोक्ताओं को टेलीफोन सुविधा मिलने के पात्र होते हुए भी नहीं मिल पा रही है।

इसी तरह बी.एस.एन.एन (जी.एस.एम) मोबाइल टॉवर जो लगे हुए हैं उनकी संख्या और नेटवर्क क्षमता कम होने की वजह से मोबाइल उपभोक्ताओं को सेवा में काफी बाधा होती है। नये मोबाइल टॉवर लगने की योजना मंजूर होने के बावजूद भी मशीनरी और जरूरी उपकरण विभाग के पास नहीं होने की वजह से नये मोबाइल टॉवर लगाने का काम भी रूका हुआ है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लैंडलाइन फोन और डब्ल्यू एल एल फोन की सुविधाएं उपभोक्ताओं को प्रदान कराये जाने के लिए विभाग को केबल, मशीनरी और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जायें।

बी.एस.एन एल (जी.एस.एम) मोबाइल टॉवर जो लगे हुए हैं उनकी नेटवर्क क्षमता को बढ़कर मोबाइल सेवा को ठीक किया जाये और नये टॉवर लगाने की जो योजना मंजूर की गयी है उसे जल्दी से जल्दी लगाकर उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधा प्रदान करायी जाये।